प्रशिक्षण सजग प्रहरी तैयार करने का प्रयास

राज्यपाल से लोकभवन में मिले सशस्त्र सीमा बल के प्रशिक्षु सहायक कमांडेंट्स

भोपाल, 15 जनवरी. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रशिक्षण आपको केवल अधिकारी नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार, संवेदनशील और सजग राष्ट्र-प्रहरी के रूप में तैयार करने का प्रयास है।

प्रशिक्षण, व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. प्रतिभागियों को एक-दूसरे के राज्य की संस्कृति, विशेषताओं और विविधताओं को समझने का अवसर देता है. विविधता में एकता की भावना को मजबूत करता है. उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु अपने राज्य की विशिष्टताओं की अनुभूतियों और प्रशिक्षण के निर्देशों का देश हित में उपयोग कर, 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण में योगदान

दे. राज्यपाल गुरुवार को सशस्त्र सीमा बल अकादमी भोपाल के प्रशिक्षु सहायक कमांडेंट्स को संबोधित कर रहे थे. इस अवसर पर उन्होंने सभी को राष्ट्र के प्रतिष्ठित बल में चयन की बधाई और शुभकामनाएं दी. लोकभवन के बैंक्वेट हॉल में आयोजित सौजन्य भेंट कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे.

राज्यपाल पटेल ने कहा कि आप सभी उन सौभाग्यशाली लोगों में शामिल हैं, जिन्हें सशस्त्र सीमा बल का हिस्सा बनकर मां भारती की सेवा का महान अवसर मिला है. आपकी वर्दी केवल पहचान नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के सम्मान का प्रतीक है. इसी वर्दी के साये में देशवासी स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं. आप जब अपने परिवार से दूर सीमाओं पर तैनात होकर देश की रक्षा करते हैं, तभी हर देशवासी चैन और शांति की नींद सो पाता है.

> राज्यपाल पटेल ने कहा कि वर्तमान में देश के समक्ष आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, नक्सलवाद, तस्करी, साइबर अपराध और असामाजिक गतिविधियाँ जैसी अनेक चुनौतियां है. राष्ट्र प्रहरी के रूप में आपके निर्णय और कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है. अपनी प्रतिभा से सीमा सुरक्षा प्रबंधन में आधुनिक तकनीक, शारीरिक, मानसिक सक्रियता के नए मानक स्थापित करें. जनसेवा में निष्पक्षता मानवीय को प्राथमिकता दें.

मुक्तिधाम तक सड़क निर्माण की मांग

एसडीएम को ललोई की जाटव समाज जनकल्याण समिति ने सौंपा ज्ञापन

बैरसिया, 15 जनवरी. ग्राम पंचायत नीची ललोई के लोग लंबे समय से मुक्तिधाम पहुंच मार्ग निर्माण की मांग कर रहे हैं. लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा इस समस्या की ओर नहीं देने से नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार को ब्रजवासी जाटव समाज जनकल्याण समिति (युवा शक्ति संगठन) के तत्वावधान में तीन दर्जन से अधिक लोगों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम आशुतोष शर्मा को ज्ञापन सौंपा.

ज्ञापन में लेख किया है कि ग्राम पंचायत नीची ललोई में मुक्तिधाम तो है. लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए स्थाई मार्ग नहीं है. जहां पक्का मार्ग नहीं होने से लोगों को मृतकों के अंतिम संस्कार दौरान अत्यधिक कठिनाइयों से गुजरना पड़ रहा है. खासकर वर्षाकाल में तो मृतकों का अंतिम संस्कार करना मुश्किल हो जाता है. जल्द पक्का मार्ग का निर्माण हो, साथ ही मुक्तिधाम में पानी, छाया एवं स्वच्छता की व्यवस्था कराई जाकर इस समस्या का तत्काल समाधान शासन प्रशासन करें. एसडीएम शर्मा ने तुरंत जनपद सीईओ को समस्या से अवगत कराकर निर्देशित किया कि ग्राम ललोई में मुक्तिधाम मार्ग निर्माण और आवश्यक सुविधाएं कराएं.

अंजली राय की पुस्तक का विमोचन

भोपाल, 15 जनवरी. भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेला में छह लेखकों की पुस्तकों का विमोचन किया गया. इस साहित्यिक आयोजन में साहित्यकार अंजली राय की पुस्तक 'आधी जली रोटी आधी बची जिंदगी' (कविता संग्रह), दिनेश कुमार शर्मा 'कौत्स' की 'बनी जिंदगी मधुशाला' (काव्य संग्रह), रामपाल श्रीवास्तव का 'नट नारायण अखबी' (उपन्यास), डॉ. गीतू धवन का 'धरती की कोई उम्मीद आखिरी नहीं' (कविता संग्रह), मौसमी चंद्रा का 'सप्तपर्णी' (कहानी संग्रह), और गुरप्रीत कौर का 'अमरी' (कहानी संग्रह) का विमोचन हुआ.

आज 35 इलाकों में बिजली कटौती

भोपाल, 15 जनवरी. शहर के 35 से अधिक इलाकों में शुक्रवार को मेंटनेंस के लिए बिजली कटौती होगी. सुबह 8.30 से 11.30 बजे तक एमपी एमएलए क्वार्टर, जवाहर चौक, टीटी नगर. सुबह 10 से 4 बजे तक मनीपुरम, आम्रपाली परिसर, चिनारवुड लैंड, अशोका निर्माण सोसाइटी, जानकी नगर, आशाराम चौराहा, सुबह 10 से शाम 4 बजे तक पूर्वांचल फेस-1, ऋषिपुरम फेस-2, वैभव विहार, कौशल्या नगर, दीप नगर, सुरभि मोहनी, सुबह 10 से शाम 5 बजे तक गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया. सुबह 11 से 1 बजे तक टैगोर नगर, इंद्रा नगर, दीप मोहिनी, गोपाल नगर में बिजली बंद रहेगी.

राज्य तिलहन मिशन का गठन, सीएस अध्यक्ष

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 15 जनवरी. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-तिलहन एनएमईओ-ओएस के तहत राज्य शासन द्वारा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य तिलहन मिशन का गठन किया गया है.

समिति में कृषि उत्पादन आयुक्त , सहकारिता, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण/ फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वित्त, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, कुलपति, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर/ राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर, आयुक्त/ संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास, निदेशक भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इन्दौर म.प्र, प्रभारी अधिकारी नाबार्ड, समन्वयक स्टेट लेवल बैंकर समिति, तिलहन क्षेत्र में कार्यरत एफपीओ/ को-ऑपरेटिक्स के दो प्रतिनिधि (प्रत्येक से एक) , बीज एवं खाद्य तेल उत्पादक उद्योग से संबंधित दो प्रतिनिधि(प्रत्येक से एक-एक) , भारत सरकार, कृषि मंत्रालय द्वारा नामित अधिकारी (संयुक्त सचिव स्तर) सदस्य होंगे। किसान कल्याण तथा कृषि विकास राज्य मिशन संचालक को सदस्य-सचिव नामित किया गया हैं. राज्य तिलहन मिशन की बैठक का आयोजन कृषि उत्पादन आयुक्त, की अध्यक्षता में किया जा सकेगा.

> मिशन के दायित्व के तहत मिशन के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, मिशन में निहित समग्र नीति दिशा-निर्देशों के भीतर राज्य में मिशन कार्यान्वयन की समग्र निगरानी की जायेगी. राज्य को सौंपे गए क्षेत्र, उत्पादन, और उत्पादकता लक्ष्यों और इसकी निगरानी के आधार पर तिलहन की खेती और उत्पादन के लिए राज्य तिलहन कार्य योजना को अंतिम रूप देना, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार को प्रस्तुत करने से पहले मिशन के लक्ष्यों और उद्देश्यों के अनुरूप संभावित और वार्षिक राज्य कार्य-योजना को अंतिम रूप देना, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग को प्रस्तुत नियमित रिपोर्टों के साथ प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों पर नजर रखकर राज्य स्तर पर मिशन की प्रगति की निगरानी की जायेगी.

बिजली कर्मियों के साथ मारपीट करने वालों पर एफआइआर

- तीन आरोपियों के खिलाफ बिजली कंपनी ने की शिकायत

भोपाल, 15 जनवरी. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा भोपाल शहर वृत्त के पूर्व शहर संभाग अंतर्गत बाग फरहत अफजा ऐशबाग में बिजली कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वाले तीन आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है.

कंपनी के इंडस्ट्रियल गेट कार्यालय प्रबंधक संजय बारमासे ने बताया कि बाग फरहत अफजा निवासी शहजादी बी द्वारा विद्युत देयक बकाया 1 लाख 41 हजार 669 रुपए जमा नहीं किया जा रहा था. उन्होंने उक्त मकान सीमा बेगम को विक्रय कर दिया. जब उन्हें बताया कि इस मकान का विद्युत देयक बकाया है तथा विद्युत देयक भुगतान करने के लिए कहा गया. यदि बकाया देयक जमा नहीं किया तो विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई की जाएगी. इसके बाद सीमा बेगम ने अपने साथियों आशु और समीर को बुलाया.

उन्होंने शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए कर्मचारियों को गालियां दी तथा मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई. जिस पर कंपनी द्वारा आरोपियों सीमा बेगम, आशु एवं समीर के खिलाफ शिकायत की है.

जबलपुर में मटर की फसल कर दी नष्ट

जबलपुर, 15 जनवरी. पाटन थाना अंतर्गत मालाखुर्द में भाई ने भाई की एक एकड़ में बोई मटर की फसल ट्रैक्टर चढ़ा नष्ट कर दी. पुलिस ने रिपोर्ट पर भाई के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है. पुलिस के मुताबिक गोविन्द सिंह लोधी निवासी मालाखुर्द ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे दो भाई, एक बहन हैं. पिता मां एवं दो भाइयों को मिलाकर कुल 9 एकड़ जमीन है. पिता के नाम दो, मां के नाम 50 डिसमिल जमीन एवं उसके नाम 3 एकड़, भाई दुर्जन के नाम 3 एकड़ है. पिता ने एक एकड़ जमीन 12 जनवरी 2026 को उसके नाम पर और रजिस्ट्री कर दिए हैं. इसी बुराई को लेकर दुर्जन सिंह ने उसे जान से मारने की धमकी दी.

मप्र अब निर्यात के मामले में चैलेंजर श्रेणी में

- 17 बड़े राज्यों में मप्र अब 9वें स्थान पर पहुंचा
- निर्यात तत्परता सूचकांक 2024 में मप्र को मिली बड़ी उपलब्धि

प्रशासनिक संवाददाता

भोपाल, 15 जनवरी. नीति आयोग द्वारा जारी निर्यात तत्परता सूचकांक 2024 में मप्र ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देश के 17 बड़े राज्यों में 9वां स्थान प्राप्त किया है. 57 अंकों के साथ प्रदेश न केवल चैलेंजर श्रेणी में शामिल हुआ है, बल्कि इस श्रेणी के सभी राज्यों में शीर्ष स्थान पर रहा है.

यह उपलब्धि राज्य की निर्यात-संवर्धन नीतियों, बेहतर व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र और निरंतर सुधार की दिशा में किए गए प्रयासों का प्रमाण है.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता प्रदेश की निर्यात-अनुकूल नीतियों, व्यापार सुगमता सुधारों और उद्यम प्रोत्साहन पहलों का परिणाम है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निर्यात को आर्थिक विकास का प्रमुख इंजन मानते हुए निरंतर प्रयासरत है और आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश को लीडर श्रेणी में पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है.

70 संकेतकों पर हुआ समग्र मूल्यांकन: ईपीआई-2024 में निर्यात अवसंरचना, व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र, नीति एवं शासन तथा निर्यात प्रदर्शन, चार प्रमुख स्तंभों के तहत 70 संकेतकों के आधार पर राज्यों का आकलन किया गया. इन सभी क्षेत्रों में मध्यप्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति करते हुए अपनी निर्यात क्षमता को मजबूती प्रदान की है.

चैलेंजर श्रेणी में मध्यप्रदेश अव्वल

नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार चैलेंजर श्रेणी में शामिल मध्यप्रदेश, हरियाणा, केरल और पश्चिम बंगाल में मध्यप्रदेश ने पहला स्थान प्राप्त किया है. प्रदेश ने हरियाणा (55.01 अंक), केरल (53.76 अंक) और पश्चिम बंगाल (53.03 अंक) जैसे स्थापित औद्योगिक एवं निर्यातक राज्यों को पीछे छोड़ते हुए अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है.

निर्यात में लगातार बढ़ोतरी

मध्यप्रदेश ने हाल के वर्षों में निर्यात के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है. वित्तीय वर्ष 2020-21 में जहां प्रदेश का निर्यात 47,959 करोड़ रुपये था, वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर 66,218 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. यह वृद्धि राज्य सरकार की निर्यात-संवर्धन रणनीतियों और उद्योग-अनुकूल वातावरण का परिणाम है.

हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम को लेकर की चर्चा

- मरठा कलार कलचुरि समाज महिला समिति की बैठक
- एक फरवरी को एकतापुरी में होगा कार्यक्रम

भोपाल, 15 जनवरी. श्री क्षत्रिय मरठा कलार कलचुरि समाज महिला समिति भोपाल के तत्वावधान में हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम को लेकर शौर्य स्मारक स्थित पार्क में बैठक हुई. बैठक में महिला मंडल ने सर्वसम्मति से हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम तथा सामाजिक मिलन समारोह का आयोजन रविवार 01 फरवरी को श्री गणेश सहस्त्रबाहु मंदिर प्रांगण एकतापुरी अशोका गार्डन में करने का निर्णय लिया.

इस मौके पर भगवान श्री गणेश जी, भगवान श्री शिव जी भगवान श्री सहस्त्रबाहु की विग्रह का पूजन अर्चन आरती की जाएगी. आयोजन के अंतर्गत भंडारा स्वरूप भोजन प्रसादी का आयोजन किया जाएगा. इस आयोजन के लिए उपस्थित महिला समिति की सभी पदाधिकारियों ने सहयोग प्रदान करने का आश्वासन मरठा कलार समाज महिला समिति की अध्यक्ष कला गंगभोज को दिया है.

डॉ. त्रिपाठी को अभ्युदय प्रतिभा समागम सम्मान

भोपाल, 15 जनवरी. शोध और संदर्भ की मासिक पत्रिका समागम के रजत जयंती समारोह में मीडिया शिक्षाविद डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी को अभ्युदय प्रतिभा समागम सम्मान 2024 25 से सम्मानित किया गया.

यह सम्मान उन्हें कम्युनिटी रेडियो के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया. डॉ. त्रिपाठी ने कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर के रेडियो संवाद के निदेशक के रूप में कार्य रहते हुए कम्युनिटी रेडियो के माध्यम से अनेक जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए.

इन कार्यक्रमों से रायपुर आसपास के ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति प्रभावी जागरूकता बढ़ी. यह सम्मान दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित समारोह में वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शंकर, सुधीर सक्सेना, पूर्व आईपीएस अनुराधा शंकर सिंह, समागम के संपादक मनोज कुमार और पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी द्वारा प्रदान किया गया. डॉ. त्रिपाठी इस समय मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रोडक्शन और रिसर्च सेंटर के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं.

आयुष यूजी, पीजी में प्रवेश की तारीख 23 तक बढ़ी

भोपाल, 15 जनवरी. आयुष मंत्रालय और भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग ने देशभर के आयुर्वेद, सिद्धा और यूनानी कॉलेजों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी है. अब एमडी, एमएस में दाखिले 23 जनवरी तक किए जा सकेंगे. यह जानकारी एनसीआईएसएम के सचिव सच्चिदानंद प्रसाद द्वारा जारी आदेश में दी गई है. बता दें पहले स्नातक प्रवेश की अंतिम तिथि 20 दिसंबर थी और पीजी के लिए 22 दिसंबर तय थी, लेकिन देशभर में करीब छह हजार पांच सौ से अधिक सीटें रिक्त रहने के कारण तारीख बढ़ाए जाने का निर्णय लिया है. इसमें मप्र में 900 से ज्यादा सीटें शामिल हैं. देशभर में आयुष की लगभग 900 से अधिक मेडिकल संस्थाएं संचालित हैं, जहां एडमिशन प्रक्रिया जारी है. आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि संगठन लगातार रिक्त सीटों को भरने की मांग कर रहा था.

मंडीदीप में भाजपा पदाधिकारियों ने मतदाताओं से किया संपर्क

- एसआईआर के दूसरे चरण में मतदाता सूची शुद्धिकरण पर जोर

मण्डीदीप, 15 जनवरी. औद्योगिक नगर में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के द्वितीय चरण के तहत भाजपा पदाधिकारियों ने मतदाताओं से संपर्क किया. क्षेत्र की नगर मण्डल में शक्ति केंद्र बैठकें आयोजित की गईं. इन बैठकों में वर्ष 2003 से 2025 तक की एसआईआर ड्राफ्ट मतदाता सूची पर विस्तार से चर्चा हुई.

इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन पात्र मतदाताओं से संपर्क किया, जो मतदाता सूची में नाम जोड़ने से वंचित रह गए थे. उनसे प्रारूप-6 भरने का आग्रह किया गया. मण्डल महामंत्री अमित जैन ने बताया कि भाजपा संगठन के अनुसार भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा के निर्देशन में नगर भाजपा पदाधिकारियों ने मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी से सहयोग की अपील की, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे. उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है. इस दौरान मण्डल महामंत्री अमित जैन ने कहा कि ने एसआईआर की प्रक्रिया भले ही निर्वाचन आयोग के स्तर पर चल रही है. इस कार्य में संगठन के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पूरी तत्परता, सक्रियता और समन्वय के साथ जुड़ें है. उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों और संगठनात्मक एकजुटता से हम संगठन की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बना पाएंगे, इसलिए एसआईआर में वैध मतदाताओं को उनका अधिकार दिलाने कार्यकर्ता मैदान में जुट जाएं.

इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को सुव्यवस्थित और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे. यह किसी के खिलाफ नहीं है. इसका उद्देश्य किसी वैध मतदाता को मताधिकार से वंचित करना नहीं, बल्कि मतदाता सूची को सही और निष्पक्ष बनाना है. मतदाता सूची में घुसपैठियों का नाम शामिल होना संविधान की भावना के विरुद्ध है. इस दौरान सभी वार्डों में अलग अलग टीम के द्वारा काम किया जा रहा है.

भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
खेल विभाग / DEPARTMENT OF SPORTS
(An Autonomous Body under Ministry of Youth Affairs and Sports)
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)
(Human Resources Division -II)
(मानव संसाधन प्रभाग -II)

जे. एन. स्टेडियम परिसर, पूर्व द्वार सं. 10,
लोदी रोड, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली – 110003
J N Stadium Complex, East Gate. No. 10,
Lodhi Road, CGO Complex, New Delhi-110003

फा. सं. 01-04006/24/2025-एचओ – कार्मिक प्रभाग
दिनांक: 09-01-2026

भारतीय खेल प्राधिकरण में भर्ती – प्राचार्य

भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI), जो कि युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय है, प्राचार्य के 01 पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। यह पद शैक्षणिक वेतन स्तर-14, रुपये 1,44,200–2,18,200 (पीबी-4, रुपये 37,400–67,000 + रुपये 10,000/- ग्रेड पे) में है, जिसके साथ रुपये 3,000 प्रति माह का विशेष भत्ता देय होगा। नियुक्ति नियमित आधार पर 05 वर्षों की अवधि के लिए या अधिवार्षिक आयु पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो (यूजीसी दिशानिर्देश 2018 के अनुसार), की जाएगी।यह पद SAI लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, करियावट्टम, तिरुवनंतपुरम के लिए है। पात्र अधिकारी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन, आवश्यक दस्तावेजों के साथ, उप निदेशक (मानव संसाधन प्रभाग-II), कक्ष संख्या 211, भारतीय खेल प्राधिकरण, मुख्यालय, गेट संख्या 10 (पूर्वी गेट), जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003 को भेज सकते हैं।आवेदन डाक द्वारा हार्ड कॉपी के माध्यम से अथवा ई-मेल द्वारा recruitment.cell.sai@gov.in पर निम्नलिखित विषय पंक्ति के साथ भेजे जा सकते हैं:"SAI में प्राचार्य पद हेतु आवेदन"आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 09-02-2026 को सायं 05:00 बजे तक है।

विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड, प्रपत्र (प्रोफार्मा) एवं निर्देश SAI की वेबसाइट (www.sportsauthorityofindia.nic.in) पर उपलब्ध होंगे।

CBC 47103/12/0017/2526

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
IDFC FIRST Bank
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस: केआरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन: +91 44 4564 4000, फैक्स: +91 44 4564 4022

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं ने आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

क्र. सं.	लोन एकाउंट नं.	लोन का प्रकार	सेक्शन 13(2) नोटिस तिथि	सेक्शन 13(2) नोटिस अनुसार बकाया राशि
1.	135206079	संपत्ति पर ऋण	30.12.2025	रु. 14,19,464.88/-

देनदार और सह-देनदारों का नाम:- 1. अनामत खान 2. रिहाना बी

संपत्ति का पता: एक आवासीय मकान का पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसमें शामिल है प्लॉट एरिया 18 × 30 = 540 वर्ग फुट या 50.185 वर्ग मीटर, जिसमें ग्राउंड फ्लोर, पहला फ्लोर और दूसरा फ्लोर बना हुआ है, जो वार्ड नंबर 09, मंडीदीप नगर पालिका परिषद, मंडीदीप, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश-462046 में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्व- नगर पालिका सड़क, पश्चिम- श्री मुन्ना लाल का मकान, उत्तर- 2 फीट चौड़ी गली और उसके बाद नसीम मियां का मकान, दक्षिण- श्री कमल सिंह का मकान.

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13(4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
दिनांक: 16.1.2026
स्थान: रायसेन